राज्यसभा

अतारांकित प्रश्नसंख्या 1408

09 मार्च, 2016 को उत्तरके लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यनीति

1408. **श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के संबंध में निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई दीर्घकालिक कार्यनीति को अन्तिम रूप दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के पास उक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त धनराशि है; और

(ग) यदि हां, तो उपयोग की गई कुल धनराशि और हासिल उपलब्धियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) सेल बोर्ड ने 50 मिलियन टन आंकी गई हॉट मैटल क्षमता और 48 मिलियन टन क्रूड इस्पात क्षमता के लिए अपने एकीकृत इस्पात संयंत्रों के ब्राउन फील्ड विकास की संभावना को विस्तार के वर्तमान चरण में उत्पादन स्थिर हो जाने के पश्चात् चरणबद्ध रूप में कुछ वर्षों में पूरा करने के लिए "सैद्धान्तिक" अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

(क) और (ग) : सेल द्वारा खर्चों की पूर्ति ऋण और आन्तरिक स्रोतों के संयोजन से की जाएगी।

***